

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना महत्वपूर्ण रहा और जॉश हेजलवुड पिच की नमी का फायदा उठाने में कामयाब रहे।
- मिचेल मार्श

इंग्लैंड के कप्तान, अपनी टीम के गेंदबाजों को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

जेमिमाह रॉड्रिग्स

भारतीय महिला टीम की धाकड़ बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स ने कहा कि मुश्किल महीने के बाद मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर महिला विश्व कप के फाइनल में पहुंचना 'एक सपने जैसा' लगा। ऑस्ट्रेलिया को गुरुवार रात सेमीफाइनल में हराने के बाद भावुक रॉड्रिग्स ने कहा, आज यह मेरे 50 या 100 रन की बात नहीं थी, आज बस भारत को जिताना था। मुझे पता था कि मुझे कुछ अवसर मिले, लेकिन मुझे लगा कि भगवान ने सब कुछ लिखा हुआ था। मैं मानती हूं कि अगर आप सही इरादे से सही काम करते हैं, तो वो हमेशा आशीर्वाद देते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... सर जैक हॉब्स फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 199 शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम है।

सरदार पटेल ने रिसायतों का विलय करके सशक्त राष्ट्र का किया निर्माण : सीएम भजनलाल शर्मा

जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद रियासतों का विलय करके एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया था। शर्मा शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर सरदार/150 के तहत आयोजित एकता मार्च कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने लोगों के दिल में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना जगाई। उनका लक्ष्य एक ऐसे भारत का निर्माण करना था, जो विविधता में एकता का प्रतीक हो और यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

शर्मा ने युवाओं का आ ान किया कि वे हर परिस्थिति में राष्ट्र हित और राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि रखें, जिससे एक सशक्त तथा आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में 560 से अधिक रियासतों में से कुछ रियासतें अपने स्वतंत्र अस्तित्व में रहना चाहती थीं। सरदार पटेल ने रियासतों के राजाओं को कहा कि एक संगठित और संयुक्त भारत में ही प्रजा का भविष्य सुरक्षित है।

उन्होंने कहा कि कुछ राजाओं ने स्वेच्छा से विलय किया, तो कुछ को राजनीतिक दबाव की जरूरत पड़ी। सरदार पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व से जूनागढ़ एवं हैदराबाद जैसी रियासतें भी भारत का अभिन्न अंग बन गईं। उनकी दृढ इच्छाशक्ति से ही आधुनिक भारत की परिकल्पना संभव हो पाई।

इससे पहले एकता मार्च के तहत श्री शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज हाथ में थामे गांधी सर्किल से अमर जवान ज्योति तक तीन किलोमीटर का सफर तय करते हुए करीब 40 मिनट तक जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनता ने मुख्यमंत्री

के साथ पूरे जोश और उत्साह से पैदल मार्च में हिस्सा लिया। पूरे मार्ग में देशभक्ति और एकता के नारों के साथ वातावरण गुंजायमान हो उठा। आमजन ने पुष्पवर्षा करके मुख्यमंत्री का जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) तथा रामबाग सर्किल पर स्वागत-अभिनंदन भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, खिलाडियों, राजस्थान सशस्त्र पुलिस बल (आरएसी) के जवानों, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैडेट्स, स्काउट गाइड, विश्वविद्यालय तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में आमजन ने पैदल मार्च किया। इसके बाद श्री शर्मा ने अमर जवान ज्योति पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया।

शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल की केवल कश्मीर में नहीं मानी गईं और वहां धारा 370 जैसा कानून लगा दिया गया था, लेकिन अब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरदार पटेल का वह अधूरा सपना पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर वहाँ शांति और विकास का मार्ग खोल दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग है और यह सरदार पटेल को सही मायने में सच्ची श्रद्धांजलि है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने पिछले दो वर्षों में 91 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं और डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। साथ ही, युवा उद्यिमयों को 140 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि वे पूरी मेहनत के साथ तैयारी करें, सरकार आपके साथ खड़ी है।

शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता पखवाड़े के तहत आयोजित एकता मार्च विकसित राजस्थान-विकसित भारत के सपने को पूरा करने का एक संकल्प हैं। इस एकता मार्च में शामिल होकर हमने सरदार पटेल के विचारों को जीवंत किया है। उन्होंने कहा कि जैसे सरदार पटेल ने 560 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, वैसे ही हम सभी को मिलकर विविधता में एकता को मजबूत करना है। शर्मा ने कहा कि आज का युवा भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। जब युवा शक्ति जागृत होती है, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं रहता। उन्होंने आमजन से आ ान किया कि वे सरदार पटेल के सपनों का भारत को साकार करने में सक्रिय भागीदार बने।

इस दौरान शर्मा ने आमजन को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, जितेन्द्र गोठवाल, गोपाल शर्मा, डॉ. कैलाश वर्मा, बालमुकुंदाचार्य एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चार विकेट से हराया

मेलबर्न, 31 अक्टूबर। जॉश हेजलवुड (तीन विकेट), जेवियर बार्टलेट और नेथन एलिस के (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श (46) और ट्रैविस हेड (28) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में 40 गेंदें शेष रहते भारत को चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। पांचवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने ट्रैविस हेड को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। ट्रैविस हेड ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाये। इसके बाद आठवें ओवर में कुलदीप यादव ने मिचेल मार्श को अपना शिकार बना लिया। मिचेल मार्श ने 26 गेंदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 46 रनों की पारी खेली। टिम डेविड (एक) को वुरुण चक्रवर्ती ने तथा जॉश इंग्लिस (20) को कुलदीप यादव ने आउट किया। जीत से दो रन दूर ऑस्ट्रेलिया को जसप्रीत बुमराह ने मिचेल ओवेन (14) और अगली ही गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (शून्य) को आउटकर भारतीय खेम में खुशी का लहर दी। 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर मार्कस स्टॉयनिस ने दो रन लेकर स्कोर छह विकेट पर 126 कर मैच ऑस्ट्रेलिया की झोली में डाल दिया। मार्कस स्टॉयनिस छह रन बनाकर नाबाद रहे। जॉश हेजलवुड को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

सूर्यकुमार ने हेजलवुड और अभिषेक की सराहना की

मेलबर्न, 31 अक्टूबर। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को दूसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की चार विकेट से जीत में जोश हेजलवुड की शुरुआती सफलता महत्वपूर्ण रही। उन्होंने अभिषेक की जूझारू पारी की सराहना करते हुए कहा कि वह यह काम काफी समय से कर रहा है। उसे अपने खेल और अपनी पहचान की पूरी समझ है और अब वह उसे बदलने की कोशिश नहीं कर रहा। मैच के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा, अगर आप जल्दी चार विकेट गंवा देते हैं, तो वापसी करना बहुत मुश्किल होता है। इसका श्रेय उन्हें जाता है, उन्होंने बहुत

अच्छी गेंदबाजी की। इसके साथ ही उन्होंने अभिषेक शर्मा की 68 रनों की जुझारू पारी सराहना करते हुए कहा, वह अपने खेल की पहचान और समझ हैं और यह अच्छी बात है कि वह इसे बदल नहीं रहे हैं। उम्मीद है कि वह हमारे लिए ऐसी और भी कई पारियां खेलेंगे।

प्लेयर ऑफ द मैच जोश हेजलवुड ने विकेट को तेज गेंदबाजो के लिए मददगार बताया और प्रयोग करने के बजाय निरंतरता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लग रहा है कि गेंद हाथ से बहुत अच्छी तरह निकल रही है, चाहे मैं किसी भी प्रारुप में खेल रहा हूं।

पूर्व भारतीय हॉकी गोलकीपर फ्रेडरिक का निधन

कन्नूर, 31 अक्टूबर। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर और केरल के पहले ओलंपिक पदक विजेता मैनुअल फ्रेडरिक का शुक्रवार को बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे। वह 78 साल के थे। उनकी पत्नी, सीथला का पिछले सितंबर में निधन हो गया था। उनके परिवार में उनकी दो बेटियां, फ्रेशिना प्रवीण (बेंगलुरु) और फेनिला टिनू थॉमस (मुंबई) हैं।

पुनेरी पल्टन को 3 अंक से हराकर दबंग दिल्ली केसी दूसरी बार बना चैम्पियन

नयी दिल्ली, 31 अक्टूबर। दबंग दिल्ली केसी ने त्यागराज इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के फाइनल मुकाबले में पुनेरी पल्टन को 31-28 से हराकर दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पटना पाइरेट्स और जयपुर पिंक पैंथर्स के बाद दो या उससे अधिक बार खिताब जीतने वाली दिल्ली तीसरी टीम बन गई है। साथ ही मनप्रीत सिंह के बाद जोगिंदर नरवाल दूसरे ऐसे कोच बने, जिन्होंने कोच और कप्तान के तौर पर खिताब जीता है। दिल्ली की जीत में नीरज नरवाल (9) और अजिंक्य पवार (6) ने अहम भूमिका निभाई। आशू (2) के नहीं चल पाने की स्थिति में दिल्ली के डिफेंस ने भी अच्छा काम किया और 10 अंक बटोरे। फजल अत्राचली पूरे मैच में नहीं चले लेकिन अंतिम मिनट में आदित्य शिंदे (10) का शिकार कर उन्होंने दिल्ली की जीत पक्की कर दी। बहरहाल, आशू पहली ही रेड पर लपके गए और पहले 10 मिनट में खाता नहीं खोल सके लेकिन नीरज नरवाल की बदौलत दिल्ली ने पल्टन को एक बार आलआउट कर बढ़त ले ली लेकिन पल्टन ने इसके बाद दो बार सुपर टैकल की स्थिति का लाभ लेकर वापसी की। उसके रेडर नहीं चले लेकिन डिफेंस ने एक के मुकाबले चार अंक लेकर उसे मुकाबले में बनाए रखा। पहले क्वार्टर की समाप्ति तक दिल्ली 8-6 से आगे थी जबकि पल्टन के लिए सुपर टैकल आन था। ब्रेक के बाद सौरव ने डू ओर डाई रेड पर असलम को लपक पल्टन को दो खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया लेकिन पल्टन न तीसरे सुपर टैकल के साथ स्कोर 8-9 कर दिया।

दुंढाड़ कप ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

जयपुर, 31 अक्टूबर। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों - हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और राजस्थान - से कुल 165 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 94 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय रेटेड थे। राजस्थान के लगभग 20 जिलों - जयपुर, उदयपुर, अजमेर, अलवर, दौसा, सीकर, चुरू, झुंझुनूं, जोधपुर, जालोर, बीकानेर, कोटा, डीडवाना, बाड़मेर, भरतपुर आदि - से प्रतिभागियों ने भाग लेकर राज्य का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में कुल 1,51,000 की नगद राशि और ट्रॉफियाँ/मेडल्स विजेताओं को प्रदान किए गए। मुख्य वर्ग में गर्व गौड (दिल्ली) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21,000 और ट्रॉफी जीती, विक्रमादित्य मुखीजा (राजस्थान) द्वितीय स्थान पर रहे और 15,000 के साथ ट्रॉफी प्राप्त की, जबकि अर्णव गुप्ता (राजस्थान) ने तृतीय स्थान पर रहते हुए 10,000 और ट्रॉफी जीती। अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में अंश भार्गव (7,500 मेडल), राज कपूर (5,000 मेडल), गौरांश शर्मा (4,000 मेडल), वीर कुमार (-13, 3,500 मेडल), मुकेश मंडलोई (3,000 मेडल), ओजस जोशी (2,500 मेडल) और हर्षित सिंह (2,000 मेडल) शामिल रहे। आयु वर्ग कैटेगरी में -07 में रेयांश गुप्ता, -09 में अभिवादन भदूका, -11 में अर्जव जैन, -13 में आरुष राजेन्द्र सिंह, और -15 में कार्तिकेय शर्मा ने प्रत्येक ने 1,500 व ट्रॉफी प्राप्त की। महिला वर्ग में विमर्शा सी. अर्जुन (4,000 ट्रॉफी), ध्रुवी शर्मा (3,000 ट्रॉफी), कैवल्या क्षितिज गोयनका (2,000 ट्रॉफी), जनीशा सी. अर्जुन (मेडल) तथा तीशा ब्याडवाल (मेडल) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। वरीष्ठ वर्ग में -50 में सुधाकर (4,000 ट्रॉफी), मिलिंद गावड़े(3,000 ट्रॉफी), नेमिचंद शर्मा (2,000 ट्रॉफी), -55 वर्ग में राम किशोर सक्सेना (4,000 ट्रॉफी), गिरधारीलाल दर्ज़ी (3,000 ट्रॉफी), प्रफुल मेहता (2,000 ट्रॉफी) तथा -60 वर्ग में पी. आर.हर्ष (4,000 ट्रॉफी), पुरुषोत्तम जोशी (3,000 ट्रॉफी) और निर्मल काकडा (2,000 ट्रॉफी) को पुरस्कृत किया गया।

राजस्थान स्टेट इक्वेस्ट्रियन चैम्पियनशिप इवेंटिंग 2025 समापन

जयपुर, 31 अक्टूबर। सागर इक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकादमी गजाधरपूरा जयपुर में राजस्थान स्टेट इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप इवेंटिंग ए2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें जूनियर एवं सीनियर की इवेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसके अंदर राइडर को एक घोड़े से ही ड्रेसाज ,शो जंपिंग और क्रॉस कंट्री तीनों इवेंट खेलने होते हैं। सीनियर इवेंट नोविस क्रॉस कंट्री में बीकानेर जिले के शीशपाल सिंह ने समर एयर घोड़े पर गोल्ड पदक जीता। तथा जयपुर जिले की ज्योति ने जुला डेल घोड़ी पर रजत पदक जीता। तथा जयपुर जिले के मधुसूदन सिंह शेखावत में मिर्जा घोड़े पर कांस्य पदक जीता। जूनियर कैटिगरी के इवेंटिग में

बाड़मेर जिले के युवराज सिंह राठौड़ ने स्वर्ण पदक जीता तथा जोधपुर जिले के केशव ने स्विफ्ट सक्सेस घोड़े पर सिल्वर मेडल जीता। जूरी पैनल में डीआईजी नरेश तेहालन (रिटायर्ड) कैप्टन भागीरथ एवं कैप्टन सज्जन कुमार थे। एवं ऑब्जर्वर भरत सिंह उपस्थित थे।

एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता जूनियर के फाइनल मैच हुए सम्पन्न

कल से शुरू हो गए सीनियर मुकाबले

जयपुर, 31 अक्टूबर। भारतीय तीरंदाजी संघ के सहयोग से राजस्थान तीरंदाजी संघ द्वारा आयोजित एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता के आज चौथे दिन जूनियर कैटेगरी के फाइनल मुकाबले खेले गए।

राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह एवं महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि आज के मेडल मैच में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जगतपुरा शूटिंग रेंज स्थित तीरंदाजी एरीना में चल रही इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आज रिकर्व और कंपाउंड वर्ग की महिला एवं पुरुष श्रेणियों के फाइनल मुकाबले संपन्न हुए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आज के मेडल सेरेमनी के मुख्य अतिथि भारतीय तीरंदाजी संघ के डायरेक्टर खेल के उच्च स्तर के आयोजन हो रहे हैं और यहां के खिलाड़ी देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। आज राजस्थान तीरंदाजी खेल में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं उद्योगपति राम अवतार गुर्जर ने भी शिरकत की। उन्होंने राजस्थान के खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। राजस्थान तीरंदाजी कोच अनिल जोशी ने बताया कि कल से सीनियर कैटेगरी के मुकाबले शुरू होंगे, जिनमें देश के श्रेष्ठ खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता और ओलंपियन तीरंदाज जयपुर में अपने तीरों का कौशल दिखाते हुए नजर आएंगे।

वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया और सीरीज भी क्लीन स्वीप की

चटगांव (बंगलादेश), 31 अक्टूबर। रोमारियो शेफर्ड (तीन विकेट) के बाद अकीम ऑगस्टे (50) और रोस्टन चेज (50) के अर्धशतकों की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 मैच में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। इससे पहले बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बंगलादेश ने तंजिद हसन (89) की अर्धशतकीय पारी और सैफ हसन (23) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में 151 का स्कोर बनाया। बंगलादेश की टीम एक समय 15वें ओवर में 107/2 के स्कोर पर थी लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे उन्होंने आखिरी 5.3 ओवरों में 44 रन पर आठ विकेट गंवा दिए, जिसमें शेफर्ड की दो ओवरों में लिये गये तीन विकेट भी शामिल है। वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने तीन विकेट लिये। जेसन होल्डर और खारी पियरे को दो-दो विकेट मिले। 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने शुरुआती तीन विकेट गिरने के बाद ऑगस्टे और चेज ने चौथे विकेट के लिए 91 रन जोडे। ऑगस्टे ने अपनी 50 रनों की पारी में पांच छक्के और एक चौका लगाया।

राजस्थान-मुंबई रणजी मैच आज से जयपुर में खेला जायेगा

राजस्थान-बंगाल अंडर-23 सी.के. नायडू ट्रॉफी मैच कल से बंगाल में खेला जायेगा

जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में कल से जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राजस्थान - मुंबई टीमों के मध्य 4 दिवसीय रणजी ट्रॉफी मैच खेला जायेगा। आज मैच से पूर्व राजस्थान व मुंबई टीमों ने आरसीए अकादमी पर अभ्यास किया। मुंबई टीम ने कप्तान शार्दुल ठाकुर के नेतृत्व में अभ्यास किया जिसमे यशस्वी जयसवाल , अजंक्या राहणे, सरफराज खान , तुषार देशपांडे , अंगकृशरघुवंशी , सिदेश लाड सहित कई सितारे मौजूद हैं। राजस्थान टीम ने कप्तान महिपाल लोमरोर के नेतृत्व में जमकर अभ्यास किया।

राजस्थान टीम :- महिपाल लोमरोर (कप्तान), दीपक हुड्डा, अभिजीत तोमर, सचिन यादव, कार्तिक शर्मा, अजय सिंह कुकना, कुणाल सिंह राठौड़, समर्पित जोशी, शुभम गढ़वाल, सलमान खान, अनिकेत चौधरी, अशोक शर्मा, आकाश सिंह, राहुल चाहर, दीपक चौधरी

अंडर 23 सी केनायडू ट्रॉफी (राजस्थान - बंगाल मैच) राजस्थान - बंगाल टीमों के मध्य अंडर23 सी केनायडू ट्रॉफी मैच दिनांक 2 - 5 नवम्बर को कल्याणी (बंगाल) में खेला जायेगा।

राजस्थान टीम :- सुमित गोदारा, सर्वज्ञ पानेरी, रोहन राजभर, करण लाम्बा, राज शर्मा, मुकुल चौधरी, अनिरुद्ध सिंह, मोहित चांगरा, दीपेंद्र सिंह, चेतन शर्मा, गणेश सुथार, शोभित मिश्रा, आयुष अमेरिया, भगवान् सिंह, दर्शन जैन, मिनाफ शेख

राज्य सीनियर हैंडबॉल में जयपुर महिला वर्ग में चैम्पियन, पिंकसिटी के पुरुष रहे तीसरे स्थान पर

जयपुर मनीषा रही महिला वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी-श्री महावीर जी द्वारा आयोजित 48वी राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (पुरुष व महिला)-2025-26 में जयपुर महिला वर्ग में चैंपियन रही। जबकि पुरुष वर्ग में तीसरे स्थान पर रही। शुक्रवार को श्रीमहावीर जी (करौली) में संपन्न प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में श्रीगंगानगर विजेता, राजस्थान पुलिस उपविजेता रही। वही महिला वर्ग में राजस्थान पुलिस उपविजेता तथा श्रीगंगानगर तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट कम सुपर लीग के आधार पर खेली गई थी। जिसमें पुरुष वर्ग में श्रीगंगानगर, राजस्थान पुलिस, जयपुर, मेजबान कृपा बाबा हैंडबॉल अकैडमी तथा महिला वर्ग में जयपुर, राजस्थान पुलिस, श्रीगंगानगर, चूरू ने सुपर लीग में प्रवेश किया था। अंकों के आधार पर विजेताओं का फैसला हुआ।

प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी श्रीगंगानगर का विक्रम रहा एवं महिला खिलाड़ी की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जयपुर की मनीषा रही, जिन्हें राज्य हैंडबॉल संघ की ओर से स्व. हनुमान सिंह स्मृति में 2100-2100 रू. के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह थे। जबकि समारोह की अध्यक्षता राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि राज्य हैंडबॉल संघ के कोषाध्यक्ष लोकेश शर्मा, कृपा बाबा हैंडबॉल अकैडमी के अध्यक्ष कैप्टेन टीआर कसाना, राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेटर रणजीत खटाना, भामाशाह रमाकांत अवस्थी थे। इस अवसर पर आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी महेश सिंह गुर्जर का भी सम्मान किया गया।

जयपुर जिला हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष सीए मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष ललित कुमार गुप्ता, मानद सचिव अरुण प्रताप सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी ने पुरुष एवं महिला टीम की उपलब्धि की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाइयाँ दी है।

आरती (कप्तान), पूजा गुर्जर, पूजा जाट, मनीषा जाट, कशिश शर्मा, गुड्डी, सीमा मीणा, चेतना शर्मा, कविता राठौड़, ममता, कल्याणी शेखावत, नोरती कुमारी मेवाड़ा। कांस्य पदक विजेता जयपुर पुरुष टीम :- विजय सिंह (कप्तान), हरदयाल, प्रदीप कुमार प्रजापत, दिवेन्द्र सिंह, जोगेन्द्र सिंह खंगारोत, लोकेन्द्र सिंह, जसवंत सिंह खंगारोत, मोहित, दिव्यांशु लोढ़ा, कृतवर्य प्रताप सिंह, मोहित तंवर, अजय सैनी।

राजस्थान की दिव्यांशी जैन ने जीता गोल्ड, धैर्य और प्रभव ने जीते कांस्य

नेशनल सब जूनियर और जूनियर स्क्वैश में एकेडमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 31 अक्टूबर। राजस्थान की दिव्यांशी जैन ने चेन्नई में शुक्रवार को संपन्न सब जूनियर और जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित राजस्थान स्क्वैश एकेडमी की दिव्यांशी ने फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र की शनाया परसरामपुरिया को 11-3, 11-7, 7-11, 11-9 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पूर्व दिव्यांशी ने क्वार्टर

फाइनल में कर्नाटक की सान्वी तिडके को सीधे सेटों में 11-1, 11-3, 11-2 से मात दी। वहीं सेमी फाइनल में तमिलनाडु की दीपा देबीराम को पांच सेटों के कड़े संघर्ष में 14-12, 5-11, 10-12, 11-5, 11-9 से हराया। एकेडमी की संचालक सुरभि मिश्रा ने बताया कि एकेडमी के धैर्य गोगिया और प्रभव बाजोरिया ने कांस्य पदक जीते।

धैर्य ने क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र के आदित्य शाह को 11-7, 11-9, 11-6 से हराया लेकिन सेमी फाइनल में दिल्ली के अमार्य बजाज से 5-11, 5-11, 8-11 से हार गए। वहीं प्रभव बाजोरिया ने क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र के रिषभ श्याम को 11-9, 11-7, 11-5 से शिकस्त दी लेकिन वे भी सेमी फाइनल में दिल्ली के अभ्युदय अरोड़ा से 9-11, 11-13, 9-11 से हार गए। सुरभि मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में एकेडमी के अन्य युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा, हालांकि वे खिताब तक नहीं पहुंच सके। युवान वर्मा प्री-क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र के विराज सिंदे से 11-7, 11-5, 11-5 से हारकर 13वें स्थान पर रहे, जबकि इनाया और फरीद अंद्राबी ने टॉप-10 में फिनिश किया। इनाया अंद्राबी ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक की आरोना पांडे से 11-6, 8-11, 11-4, 11-1 से हारकर 9वां स्थान हासिल किया। इसी तरह फरीद अंद्राबी ने भी हरियाणा के ध्रुव जोहरी से 7-11, 12-10, 11-5, 14-12 (3-1) से हारने के बावजूद 9वां स्थान प्राप्त किया। गौरवी अजमेरा क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक की अरना पांडे से 13-11, 8-11, 11-9, 1-11, 5-11 से और गौरी जायसवाल क्वार्टर फाइनल में दिल्ली की फाबिहा नफीस से 11-8, 6-11, 6-11, 10-12 से हार के बाद छठे स्थान पर रहीं।